**Sirsa**

दैनिक भास्कर सिरसा-डबवाली भास्कर 28-06-2026

# अकाल अकादमी रोड़ी में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर 'वी आर ड्रग फ्री' मानव श्रृंखला बनाई

भास्कर न्यूज़ | रोड़ी

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर शुक्रवार को अकाल अकादमी रोड़ी में विद्यार्थियों ने \'वी आर ड्रग फ्री' संदेश के साथ विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। अकादमी की ओर से देश भर की 121 अकादमी में आयोजन कर वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आवेदन किया गया है।

स्कूल में कार्यक्रम सुबह 8 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रिंसिपल और इंचार्ज स्टाफ सदस्य ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने हाथों में संदेश लिखी तख्तियां लेकर नशे के




रोड़ी। अकाल अकादमी रोड़ी में बनाई मानव श्रृंखला।

खिलाफ जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रोड़ी के सरपंच दर्शन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को संवारने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अकाल अकादमी रोड़ी, द कलगीधर ट्रस्ट, बड़ू साहिब द्वारा संचालित है। ट्रस्ट की 121 अकादमियों में एक साथ करीब 15000 बच्चों ने उपस्थित होकर अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाकर विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

DESH SEWAK
ਦੇਸ਼ ਸੇਵਕ

# ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਬੜਾਗੁੜਾ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦੇ ਨਸ਼ਾ-ਮੁਕਤੀ ਸੁਨੇਹੇ ਨੇ ਛੱਡਿਆ ਗਹਿਰਾ ਪ੍ਰਭਾਵ

**ਸੁਰਿੰਦਰ ਪਾਲ ਸਿੰਘ**

**ਸਿਰਸਾ/26 ਜੂਨ :** ਕਲਗੀਧਰ ਟਰੱਸਟ ਬੜੂਸਾਹਿਬ ਦੁਆਰਾ ਚਲਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਬੜਾਗੁੜਾ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆ ਵੱਲੋਂ ਮਨੁੱਖੀ ਲੜੀ ਬਣਾਕੇ ਨਸ਼ਾ ਮੁਕਤੀ ਦਾ ਸੰਦੇਸ਼ ਬਹੁਤ ਪ੍ਰਭਾਵਸ਼ਾਲੀ ਰਿਹਾ। ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ



ਬੜਾਗੁੜਾ ਦੇ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਪਰਮਜੀਤ ਕੌਰ ਦਾ ਕਹਿਣਾ ਸੀ ਕਿ ਵਿਦਿਆਥੀਆ ਵਲੋ ਸਕੂਲ ਵਿਚ ਮਨੁੱਖੀ ਲੜੀ ਬਣਾ ਕੇ ਵਿਸ਼ਵ ਪੱਧਰੀ ਸੰਦੇਸ਼ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਬੜਾਗੁੜਾ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆ ਦਵਾਰਾ ਨਸ਼ਾ ਛੱਡਣ ਦੇ ਸਾਰਥਕ ਸੰਦੇਸ਼ ਸਬੰਧੀ ਗੁਰੂ ਕਾਸ਼ੀ ਸਹਿਤ ਅਕਾਦਮੀ ਦਮਦਮਾ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਮਾ: ਸੁਰਿੰਦਰ ਪਾਲ ਸਿੰਘ, ਪਿੰਡ ਰਘੂਆਣਾ ਦੇ ਸਰਪੰਚ ਸੁਖਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ, ਪ੍ਰੈਸ ਰਿਪੋਰਟਰ ਗੁਰਨੈਬ ਸਿੰਘ ਦੰਦੀਵਾਲ ਅਤੇ ਡਾ. ਅਸ਼ਵਨੀ ਦਾ ਕਹਿਣਾ ਸੀ ਕਿ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਪਰਮਜੀਤ ਕੌਰ ਅਤੇ ਉਨਾਂ ਦੇ ਸਮੂਹ ਸਟਾਫ ਅਤੇ ਵਿਦਿਆਥੀਆ ਦੇ ਇਸ ਉਪਰਲੇ ਨੂੰ ਉਹ ਵੱਡਾ ਜਨ ਸੰਦੇਸ਼ ਮੰਨਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਨਸ਼ਾ ਰੋਕੂ ਮੁਹਿਮ ਵਿਚ ਮਾ. ਅਮਰ ਸਿੰਘ (ਕਿੱਪੀ) ਜਗਤਾਰ ਸਿੰਘ, ਕੁਲਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮੈਡਮ ਕਿਰਨ ਬਾਲਾ, ਜਸਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ, ਗੁਰਪਿੰਦਰ ਕੌਰ, ਮੋਨਿਕਾ ਸ਼ਰਮਾ, ਕਰਮਜੀਤ ਕੌਰ, ਸੰਦੀਪ ਕੌਰ ਸਮੇਤ ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਬੜਾਗੁੜਾ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆ ਦੇ ਯੋਗਦਾਨ ਦੀ ਹਰ ਪਾਸਿਉ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ ਗਈ।

कालांवाली
सिरसा, हरियाणा
29 june2026

# अकाल अकादमी के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

## अंतराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर 'WE ARE DRUG FREE' की अनूठी प्रस्तुति, जागरूकता का दिया संदेश

कालांवाली, 26 जून (बिल्लू यादव)। श्री कलगीधर ट्रस्ट, बड़ू साहिब द्वारा संचालित अकाल अकादमी, गांव बड़ागुड़ा (जिला सिरसा) में शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मैदान में "WE ARE DRUG FREE" शब्दों की आकर्षक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया।




कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो धीरे-धीरे समाज की जड़ों को खोखला कर रही है। इसके दुष्परिणामों से हर व्यक्ति परिचित है, फिर भी जागरूकता के अभाव में अनेक लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा कला और अनुशासन के माध्यम से दिया गया यह संदेश समाज के लिए प्रेरणादायी एवं सराहनीय पहल है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या परसजीत कौर ने विद्यार्थियों एवं समाज के लोगों से आह्वान किया कि नशा मुक्त समाज का निर्माण केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने सभी से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की अपील की।

इस अवसर पर गांव रघुआना के सरपंच सुखविंदर सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

**प्रमुख बातें**

- अंतराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम।
- विद्यार्थियों ने "WE ARE DRUG FREE" की मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश।
- प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने समाज से नशा मुक्त अभियान में सहयोग की अपील की।
- क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना की।

पल पल

29 june2026

# 15,000 अकाल अकादमी विद्यार्थियों ने बनाई वी आर ड्रग फ्री मानव आकृति




**पल पल न्यूज: ओढ़ां, 26 जून, (अशोक गर्ग)।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया। शुक्रवार को प्रातः 8 बजे सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ अपने-अपने परिसर में एकत्र होकर (हम नशामुक्त हैं) की मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। यह गतिविधि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर अकाल अकादमी खोखर की प्रधानाचार्या गगनदीप शर्मा ने कहा, यह पहल हमारे विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्षभर चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य-आधारित शिक्षा, परामर्श सेवाओं तथा निवारक गतिविधियों के माध्यम से हमारे विद्यालय नशामुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से नशा निवारण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। अकाल अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी इसी प्रकार के व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्ड तथा एक लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अभियान युवाओं को नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ਰੋਜ਼ਾਨਾ ਸਪੋਕਸਮੈਨ
29 june2026

# 121 ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀਆਂ ਵਲੋਂ 'ਨਸ਼ਾ ਵਿਰੋਧੀ' ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਮੁਹਿੰਮ ਵਿਚ ਵਿਸ਼ਵ ਰਿਕਾਰਡ ਬਣਾਉਣ ਦੇ ਯਤਨ ਤੇਜ਼

ਸਿਰਸਾ, 27 ਜੂਨ (ਸੁਰਿੰਦਰ ਪਾਲ ਸਿੰਘ) : ਨਸ਼ਾਖੋਰੀ ਤੇ ਗ਼ੈਰ-ਕਾਨੂੰਨੀ ਤਸਕਰੀ ਵਿਰੁਧ ਅੰਤਰਰਾਸ਼ਟਰੀ ਦਿਵਸ ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਕਲਗੀਧਰ ਟਰੱਸਟ ਦੁਆਰਾ ਚਲਾਏ ਜਾ ਰਹੇ 121 ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ 15 ਹਜ਼ਾਰ ਤੋਂ ਵੱਧ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਵਲੋਂ 'ਨਸ਼ਾ ਵਿਰੋਧੀ' ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਮੁਹਿੰਮ ਵਿਚ ਹਿੱਸਾ ਲਿਆ ਗਿਆ। ਪੰਜਾਬ, ਹਰਿਆਣਾ, ਹਿਮਾਚਲ ਪ੍ਰਦੇਸ਼, ਉਤਰ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਤੇ ਰਾਜਸਥਾਨ ਦੇ ਸਾਰੇ ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਕੈਂਪਸਾਂ ਵਿਚ ਵਿਦਿਆਥੀਆਂ ਵਲੋਂ ਇਕੱਠੇ ਹੋ ਕੇ 'ਅਸੀਂ ਨਸ਼ਾ ਮੁਕਤ ਹਾਂ' ਦੀ ਪ੍ਰਤੀਕ ਮਨੁੱਖੀ ਲੜੀ ਬਣਾਈ ਗਈ। ਖੋਖਰ ਅਕੈਡਮੀ ਦੀ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਗਗਨਦੀਪ ਸ਼ਰਮਾ ਤੇ ਬੜਾਗੁੜਾ ਦੀ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਪਰਮਜੀਤ ਕੌਰ ਦਾ ਕਹਿਣਾ ਸੀ ਕਿ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ ਨਸ਼ਿਆਂ ਤੋਂ ਦੂਰ ਰਹਿਣ ਦਾ ਸਮੂਹਕ ਪ੍ਰਣ ਲਿਆ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਸਿਆ ਕਿ ਇਸ ਸਮਾਗਮ ਨੂੰ ਵਰਲਡ ਬੁੱਕ ਆਫ਼ ਰਿਕਾਰਡਜ਼ ਲੰਡਨ ਵਿਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਲਈ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਸਿਆ ਕਿ ਸਿਰਸਾ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਦੀ ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਬੜਾਗੁੜਾ, ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਦਾਰੇਵਾਲਾ, ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਐਲਨਾਬਾਦ, ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਖੋਖਰ ਤੇ ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਰੋੜੀ ਦੇ ਸਟਾਫ਼ ਤੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦਾ ਇਸ ਮੁਹਿਮ ਵਿਚ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਯੋਗਦਾਨ ਰਿਹਾ।



Rozana Spokesman

29june2026

# 121 Akal Academies intensify efforts to set world record in 'anti-drug' awareness campaign

समरघोष

29 june2026




# 15,000 अकाल अकादमी विद्यार्थियों ने बनाई 'WE ARE DRUG FREE' मानव आकृति, विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए

**सिरसा।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया।

प्रातः 8॰00 बजे, सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ अपने-अपने परिसर में एकत्र होकर ह्वुध, ऋध छक्त ख्त्रऋधध (हम नशामुक्त हैं) की मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। यह गतिविधि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। जिला सिरसा के विद्यालयों में सहभागिता इस प्रकार रही :

अकाल अकादमी बड़ागुढ़ा -120, कअकाल अकादमी दरेवाला 60, अकाल अकादमी ऐलनाबाद - 60, अकाल अकादमी खोखर - 180, अकाल अकादमी रोड़ी - 50

इस अवसर पर अकाल अकादमी खोखर की प्रधानाचार्या सुश्री गगनदीप शर्मा ने कहा, 'यह पहल हमारे विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्षभर चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य-आधारित शिक्षा, परामर्श सेवाओं तथा निवारक गतिविधियों के माध्यम से हमारे विद्यालय नशामुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।' द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से नशा निवारण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। अकाल अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी इसी प्रकार के व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्ड तथा एक लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अभियान युवाओं को नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।